भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1965

सोमवार, 30 जुलाई, 2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

उत्तर-पूर्व क्षेत्र में सीमेंट उद्योग

अता.प्र.सं. 1965. श्री कामाख्या प्रसाद तासाः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम और अन्य उत्तर-पूर्व क्षेत्र में कार्यरत सीमेंट फैक्ट्रियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि देश के अन्य हिस्सों की तुलना में उत्तर-पूर्व क्षेत्र में सीमेंट का भारी संकट है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) उत्तर-पूर्व क्षेत्र में सीमेंट की एक बोरी के लिए निर्धारित मूल्य का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सी.आर. चौधरी)

(क): असम तथा अन्य उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में प्रचालनाधीन सीमेंट कारखानों का विवरण संलग्न अनुबंध में दिया गया है।

(ख): विभाग में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सीमेंट संकट के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग): उपरोक्त (ख) के दृष्टिगत प्रश्न नहीं उठता।

(घ): सीमेंट उद्योग को 1989 में नियंत्रण-मुक्त कर दिया गया था और आर्थिक उदारीकरण की नीति के तहत वर्ष 1991 में लाइसेंस मुक्त कर दिया गया था। यह विभाग उत्तर पूर्वी क्षेत्र सहित देश में सीमेंट की कीमतों को नियंत्रित नहीं करता है।

****

अनुबंध

दिनांक 30.07.2018 को लोक सभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1965 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में सीमेंट संयंत्र संबंधी विवरण

असम

1	अदीति सीमेंट (कोलियाबोर), असम
2	बराक उद्योग लिमिटेड, गुवाहाटी, असम
3	बराक वैली सीमेंट्स लिमिटेड, करीमगंज , असम
4	सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकाजन , असम
5	डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड, नागांव , असम
6	एचएम सीमेंट लिमिटेड, असम
7	जे के अवतार प्रा. लिमिटेड, गुवाहाटी, असम
8	के.डी. सीमेंट्स, नागांव, असम
9	कलशपति सीमेंट प्रा. लिमिटेड, बारपेटा, असम
10	महा सक्ति सीमेंट इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, असम
11	पृथ्वी सीमेंट, नागांव, असम
12	पूर्बांचल सीमेंट लिमिटेड, असम
13	रक्षा सीमेंट प्रा. लिमिटेड, गुवाहाटी, असम
14	रीवर वैली सीमेंट कॉर्पोरेशन, असम
15	आरजे सीमेंट इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड, नागांव, असम
16	एस.एम. सीमेंट लिमिटेड, असम
17	स्टार सीमेंट लिमिटेड, गुवाहाटी, असम
18	टॉपसेम इंडिया लिमिटेड, असम
19	विनय सीमेंट लिमिटेड, उमरंगशु , असम

मेघालय

1	अमृत सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
2	डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड, मेघालय
3	गोल्ड स्टोन लिमिटेड, मेघालय
4	ग्रीन वैली सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
5	हिल सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
6	जैन्तिया सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
7	जेयूडी सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
8	मैजिक सीमेंट, मेघालय
9	मावंलुहा चेरा सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
10	मेघालय सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
11	स्टार सीमेंट लिमिटेड, मेघालय
12	विरगो सीमेंट्स लिमिटेड, मेघालय

*****